ललितपुर में फार्मा पार्क बनाने को मिली मुफ्त जमीन, अब तेजी से होगा निर्माण

यूपीसीडा को पशुपालन विभाग की 1,500 एकड़ जमीन दी गई

राब्यू, जागरण● लखनऊ : बुंदेलखंड के ललितपुर जिले में बल्क ड्रग फार्मा पार्क बनाने के काम में तेजी आई है। यहां सैदपुर ग्राम पंचायत में पशुपालन विभाग की 1,500 एकड़ भूमि राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को निश्शुल्क दे दी गई है। इस जमीन पर फार्मा पार्क का निर्माण कार्य तेजी से होगा। यूपी को फार्मा का हब बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

भूमि हस्तांतरित होने के बाद अब परियोजना अगले चरण में प्रवेश करेगी। यहां दवा कंपनियां अपनी फैक्ट्रियां स्थापित कर दवाइयों का निर्माण करेंगी। इसके लिए

● यूपी को फार्मा हब बनाने पर जोर, बनाई जाएंगी सस्ती दवाएं

उन्हें यहां विश्व स्तरीय संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। बल्क ड्रग फार्मा पार्क प्रदेश के साथ देश के लिए भी फार्मास्युटिकल उत्पादों के निर्माण में एक पावर हाउस के रूप में कार्य करेगा। परियोजना का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली सस्ती दवाओं का निर्माण करना है। यह पार्क सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी) माडल पर संचालित किया जाएगा। परियोजना के तहत ग्लोबल फार्मा सेक्टर के लीडर्स को आकर्षित करने के लिए एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट (ईओआइ) पहले ही जारी कर दी गई है।

इस बल्क ड्रग फार्मा पार्क को सड़क व रेल नेटवर्क के माध्यम से विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और उत्कृष्ट कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है। फार्मा उत्पादों को सुविधाजनक ढंग से दूसरे स्थानों तक पहुंचाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सड़कें व रेल लिंक तैयार किए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण के मानकों का पालन करते हुए इसे विकसित किया जाएगा। रसायनों के निस्तारण के लिए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज जैसी उच्चकोटि की सुविधा होगी।